VIDYA SHREE ACADEMY
SR. SEC. SCHOOL
An English Medium Co.Ed. School | Science & Commerce
W : www.vsajaipur.com | E : vsajaipur@gmail.com M. : +91 9460356652, 8058999828
Add. : 84, Krishna Vihar, Behind Narayan Niwas, Gopalpura Bypass, Jaipur - 302015
/vsajaipur | /vsajaipur | /vidyashreeacademy | /vsa_jaipur

Subject-Hindi Class 8 topic: Essay

निम्नलिखित विषय पर निबंध याद करके अपने शब्दों में लिखिए।

साक्षरता अभियान

प्रस्तावना:

हमारा देश लम्बे समय तक पराधीन रहने के कारण यहाँ समुचित शिक्षा व्यवस्था का विकास नहीं हुआ। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हमारी सरकार ने अशिक्षा और निरक्षरता को दूर करने के लिए प्रयास किए हैं। जगह-जगह विद्यालय खोले जा रहे हैं। सभी को अक्षर-ज्ञान हो इसके लिए हमारे देश में सर्व शिक्षा और साक्षरता अभियान चलाया जा रहा है।

Scanned with CamScanner

साक्षरता अभियान का स्वरूप:

स्वतन्त्रता मिलने के बाद साक्षरता का प्रतिशत बढ़ाने के लिए सबसे पहले बुनियादी शिक्षा प्रारम्भ की गई। इसके बाद सारे देश में प्रौढ़ शिक्षा का कार्यक्रम राष्ट्रीय नीति के रूप में प्रारम्भ किया गया। इसके लिए जगह-जगह पाठशालाएँ खोली गईं और जनजातियों, हरिजनों तथा कृषक-श्रमिकों को साक्षर बनाने का पूरा प्रयास किया गया। इस तरह के अभियान से निरक्षरता घट रही है। और साक्षरता का प्रतिशत बढ़ रहा है।

Scanned with CamScanner

साक्षरता अभियान से लाभ:

इस अभियान से जनजागरण हुआ है। हमारे प्रदेश राजस्थान में निरक्षरता का प्रतिशत पहले अधिक था, परन्तु अब साक्षरता का प्रतिशत काफी बढ़ गया है। छोटे गाँवों और ढाणियों में हजारों विद्यालय 'राजीव गाँधी पाठशाला' के नाम से खोले गये हैं। उनमें निम्न वर्ग व गरीब लोगों के बच्चों को दिन में भोजन भी दिया जाता है। रात्रि में प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र चलाये जा रहे हैं, इससे भी साक्षरता अभियान काफी सफल हो रहा है।

उपसंहार:

साक्षरता अभियान में धन की कमी एक बड़ी बाधा है, जन-सहयोग से प्रौढ़ शिक्षा का प्रसार हो रहा है। निरक्षरता हमारे समाज पर एक काला दाग है, उसे साक्षरता अभियान से ही मिटाया जा सकता है।

Scanned with CamScanner